चैत्र नवरात्र और नव संवत्सर की शुभकामनाएं

दैनिक भास्कर

पटना, बुधवार, 22 मार्च, 2023 | चैत्र शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, 2080

कुल पेज 22 | मूल्य ₹ 4.00 | वर्ष 10, अंक 60

dainikbhaskar.com

12 राज्य | 61 संस्करण

दैनिक भास्कर

समस्तीपुर भास्कर 22-03-2023

कार्यक्रम • नैक में उत्कृष्ट योगदान के लिए कॉलेज में कर्मियों का सम्मान समारोह का आयोजन

ग्रेड पाना बड़ी बात नहीं है, चुनौतियों को स्वीकार कर आगे बढ़ना ही सबसे बड़ी बात है : कुलपति

सिटी रिपोर्टर | समस्तीपुर

मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों व छात्र-छात्रों द्वारा नैक में उत्कृष्ट योगदान के लिए मंगलवार को कॉलेज में कर्मियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुरेंद्र प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज आर्ट्स एंड कॉमर्स प्रो अशोक कुमार मेहता ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि ग्रेड पाना थोड़ा ज्यादा-थोड़ा कम, बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात है नई

कुलपति को मिथिला पेंटिंग देकर सम्मानित करते कॉलेज के अध्यक्ष।

चुनौतियों को स्वीकार और आगे बढ़ना। उन्होंने कॉलेज के शिक्षक व कर्मियों को ग्रेड पाने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षकों को इसे और आगे ले जाने की बात कही। समारोह की अध्यक्षता मौलाना मजहरूल हक महाविद्यालय के अध्यक्ष मो अबू तमीम ने की। इस अवसर पर सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा छात्र छात्रों को मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कॉलेज के छात्र छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा मिथिला विश्वविद्यालय बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ अरविंद मिलन, बीआरबी कॉलेज समस्तीपुर के प्राचार्य प्रो विरेंद्र कुमार चौधरी, महिला कॉलेज समस्तीपुर की प्राचार्य डॉ सुनीता सिन्हा, आरएनएआर कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रसाद, ओरिएंटल कॉलेज ऑफ एजुकेशन दरभंगा के प्राचार्य डॉ जीएम अंसारी, मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अंजुम वारिस, बीबी फातिमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव अंजुम असगर, मौलाना मजहरूल हक के सचिव मो अबू सईद आदि उपस्थित थे।